आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 02.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुलिस से डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और एआई के कारण उत्पन्न चुनौतियों को अवसर में बदलने को कहा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– मेले, समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजते हुए उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम, देहरादून के नालापानी में '50वें खलंगा मेले को किया संबोधित।
- इस साल नवंबर में जीएसटी संग्रह साढे आठ प्रतिशत बढ़कर एक लाख 82 हजार करोड़ रुपये हुआ।
- हरिद्वार ज़िले में मनसा देवी मंदिर रोपवे, मरम्मत कार्यों के चलते अगले छह दिन तक आवाजाही के लिए बंद।

समापन समारोह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुलिस से, डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस जैसे खतरों से उत्पन्न चुनौतियों को अवसर में बदलने को कहा है। उन्होंने पुलिस से कहा है कि वह आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस और ''आकांक्षी भारत'' में देश की ताकत का दोहन करे। श्री मोदी कल ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन के समापन दिवस पर बोल रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन दिन के सम्मेलन के दौरान सुरक्षा चुनौतियों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयामों पर व्यापक चर्चा की गई। उन्होंने चर्चाओं से उभरी जवाबी रणनीतियों पर संतोष व्यक्त किया।

श्री मोदी ने पुलिस से रणनीतिक, सतर्क, अनुकूलनीय, विश्वसनीय और पारदर्शी बनकर स्मार्ट पुलिसिंग का मंत्र अपनाने का आह्वान किया। शहरी पुलिसिंग में की गई पहल की सराहना करते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक पहल को देश के सौ शहरों में पूरी तरह से लागू किया जाना चाहिए। श्री मोदी ने पुलिस बल के कार्यभार को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग का आह्वान किया। उन्होंने पुलिस से विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ तालमेल बिठाने और अपने दृष्टिकोण को आधुनिक बनाने को कहा।

खलंगा मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के सागरताल नालापानी में '50वें खलंगा मेला' में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला पूर्वजों की वीरता और अदम्य साहस को स्मरण करने का अवसर है। खलंगा में हुए एंग्लो–गोरखा युद्ध का जिक्र करते हुए श्री धामी ने कहा कि ये युद्ध वीर गोरखा योद्धाओं के अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति उनके असीम प्रेम का प्रतीक है, जो हमेशा हमें देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा ये मेला समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजते हुए उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का एक माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा पूरे देश में संस्कृति को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के साथ विरासत को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। खलंगा युद्ध स्मारक को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षण में रखना, इसका बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा राज्य सरकार गोरखा समाज के उत्थान के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और उनके विकास व कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खलंगा मेला आयोजन समिति को 5 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा भी की।

शिष्टाचार भेंट

सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने उत्तराखंड की प्रगति और राज्य के पर्यटन के विविध आयामों की जानकारी देश भर में पहुंचाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इसमें पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया– पी०आर०एस०आई महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पी०आर०एस०आई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजीत पाठक ने श्री तिवारी से शिष्टाचार भेंट कर छत्तीसगढ़ के रायपुर में होने जा रही नेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान श्री पाठक ने राज्य की उपलब्धियों, निवेश और पर्यटन की जानकारी का प्रचार प्रसार देश भर में करने में एक सेतु के रूप में पीआरएसआई का उपयोग करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

जीएसटी संग्रह

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी का सकल संग्रह इस वर्ष नवंबर में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में साढे 8 प्रतिशत बढ़कर एक लाख 82 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। यह पिछले साल नवंबर में एक लाख 68 हजार करोड़ रुपये था। अक्टूबर में सकल जीएसटी संग्रह 9 प्रतिशत बढ़कर एक लाख 87 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया था। जीएसटी संग्रह में यह बढोतरी घरेलू बिक्री में वृद्धि और नियमों के बेहतर अनुपालन से हुई है।

रोपवे बंद

हरिद्वार ज़िले में मनसा देवी मंदिर के लिए जाने वाला रोपवे अगले छह दिन के लिए बंद रहेगा। साथ ही  नौ से चौदह 14 दिसम्बर तक मां चंडी देवी रोपवे पर भी आवाजाही बंद रहेगी। इन दोनों रोप वे को अर्धवार्षिक मेंटेनेंस और मरम्मत के लिए बंद रखा जाएगा। गौरतलब है कि सुरक्षा के दृष्टिगत हर 6 माह के बाद इन रोपवे की मेंटेनेंस और मरम्मत का कार्य किया जाता है।

मज़बूत बिजली व्यवस्था

उत्तराखंड की जटिल भौगोलिक परिस्थितियों और मौसम की चुनौतियों के बीच राज्य की बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड– यू०पी०सी०एल एक बड़ा कदम उठा रहा है। प्रदेश के 33/11 किलोवोल्ट उपसंस्थानों पर कैपेसिटर बैंक स्थापित करने का कार्य तेजी से चल रहा है। कैपेसिटर बैंक आधुनिक तकनीक पर आधारित उपकरण है, जो विद्युत आपूर्ति में पावर फैक्टर और वोल्टेज की गुणवत्ता में सुधार करता है। इससे न केवल उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली मिल सकेगी, बल्कि वितरण तंत्र की मजबूती और तकनीकी हानियों में भी कमी आएगी। यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक ने इसे ऊर्जा क्षेत्र में गेम चेंजर प्रोजेक्ट करार देते हुए बताया कि इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को सीधा लाभ होगा। इसके अलावा वोल्टेज स्थिर होने से सिंचाई और पेयजल जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना मार्च 2025 तक पूरी होने की उम्मीद है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

पर्यटन एवं आतिथ्य कौशल परिषद की ओर से कोटद्वार में पांच दिवसीय प्रकृतिविद प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष और कोटद्वार विधायक ऋतु खंडूडी भूषण ने कल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को प्रकृति संरक्षण, पर्यटन और आजीविका के नए आयामों से जोड़ना है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कोटद्वार और आसपास के 40 विद्यार्थियों को नेचर गाइड का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे पर्यटन के दौरान स्वच्छता बनाए रखें और पर्यटकों को जंगल के महत्व और वन्यजीवों के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दें।

यूपीआई

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस–यूपीआई के जरिए इस वर्ष अक्टूबर महीने में करीब 16 अरब 58 करोड़ वित्तीय लेनदेन किये गये हैं। यह एक ही महीने में किए गए सर्वाधिक लेनदेन हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा

है कि यूपीआई के माध्यम से अक्टूबर में लगभग साढ़े 23 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पिछले वर्ष अक्टूबर माह की तुलना में 45 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

परीक्षा शुरू

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की दिसंबर 2024 की सत्रांत परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं, जो नौ जनवरी तक चलेंगी। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी अपने हॉल टिकट इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

और अब एक नज़र समाचार पत्र की सुर्खियों पर–

राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ की ख़बर को लगभग सभी समाचार पत्रों ने अपने पहले पृष्ठ पर स्थान दिया है। दैनिक जागरण लिखता है– युवओं के लिए अगले बजट में एक हजार सात सौ करोड़, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के शुभारंभ के मौके पर की घोषणा। इस समाचार पर अमर उजाला का शीर्षक है– राज्यस्तरीय खिलाड़ियों को भी नौकरी में चार प्रतिशत आरक्षण।

ओड़िसा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशक, महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन पर राष्ट्रीय सहारा प्रधानमंत्री के हवाले से लिखा है– काम का बोझ घटाने को पुलिसिंग में हो प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल। इसी ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र का प्रधानमंत्री के हवाले से लिखता है– साइबर अपराध को एआई की ताकत से हरांए।

मानव वन्य जीव संघर्ष पर विशलेषण करते हुए अमर उजाला ने ख़बर दी है– राज्य में मानव–वन्यजीव संघर्ष बना चुनौती, रोजाना एक व्यक्ति हो रहा जंगली पशु के हमले का शिकार, दस साल में तीन हजार सात सौ बयासी हमले, छह सौ पैंसठ की मौत।

लोक पर्व की ख़बर को अपने समाचार पत्र में स्थान देते हुए राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है– बूढ़ी दिवाली की रंगत में रंगा जौनसार, आगन भी गुलजार, पंचायती आंगनों में महिलाओं व पुरुषों ने हारुल, झेता व रासो नृत्य की दी प्रस्तुति।

राजधानी में जाम की समस्या को हिंदुस्तान समाचार पत्र ने प्रमुखता के साथ लिखा है। समाचार पत्र जाम की तस्वीरों के साथ लिखता है– आफतः संडे मार्केट की वजह से शहर में जाम, रेंजर्स ग्राउंड के बाहर की संड़कों पर लोगों ने खड़े किए वाहन, पुलिस ने सौ से ज्यादा वाहनों के चालान किये।